MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -52 मंदसौर, 17 जून 2026 बुधवार से 23 जून 2026 तक पृष्ठ -4 कीमत 2 रू.

# गरोठ-शामगढ़ में जनकल्याण शिविरों का आयोजन, 861 से अधिक आवेदनों पर हुई कार्रवाई

यशस्वी दुनिया ⊙गरोठ

गरोठ/शामगढ़। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार को गरोठ एवं शामगढ़ में जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर कुल 861 से अधिक आवेदनों का पंजीयन एवं निराकरण किया गया, वहीं पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।

गरोठ में नगर परिषद द्वारा बोलिया रोड स्थित पीपली चौक पर आयोजित जनकल्याणकारी शिविर का शुभारंभ प्रातः 10ः30 बजे हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान 500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित विभागों द्वारा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की गई। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी योजना, भवन अनुज्ञा एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के स्वीकृति पत्र पात्र हितग्राहियों को वितरित किए गए।




इस अवसर पर शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। सांदीपनि स्कूल गरोठ के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रभारी दिलीप सकलेचा, नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, उपाध्यक्ष महेश मालवीय, मंडल अध्यक्ष गोकुल सिंह चौहान, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गिरीश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमराव सिंह चौहान, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मनोहर, पार्षद प्रतिनिधि रविंद्र पुरी गोस्वामी, पार्षद एवं सभापति अर्जुन सोलंकी, पार्षद एवं सभापति राजू मगर, उपयंत्री राहुल गणावा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

वहीं शामगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 361 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करते हुए निराकरण किया गया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार नगरीय विकास एवं आवास विभाग के 169, राजस्व विभाग के 171, योजना एवं सांख्यिकी विभाग के 10 तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के 8 आवेदन दर्ज किए गए।

नगर परिषद अध्यक्ष कविता यादव ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ऐसे पात्र हितग्राहियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, जो जानकारी के अभाव या अन्य कारणों से अब तक योजनाओं से वंचित रहे हैं। तहसीलदार किरण गहलोत ने कहा कि जिलेभर में आयोजित किए जा रहे जन कल्याण शिविरों के माध्यम से पात्र नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है तथा कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

दोनों शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका संबंधित विभागों द्वारा मौके पर ही निराकरण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक जनहितकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और ऐसे शिविर इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप डांगी के नेतृत्व में बड़ी सफलता, चोरी हुई XUV-300 कार बरामद

यशस्वी दुनिया ⊙मंदसौर

मंदसौर। जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना दलौदा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप डांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चोरी हुई महिंद्रा एक्सयूवी-300 कार को बरामद कर लिया है। बरामद वाहन की कीमत लगभग 8 लाख रुपये बताई गई है।

जानकारी के अनुसार 7 जून 2026 को दलौदा कस्बे स्थित कृष्णा ऑटो डील के बाहर खड़ी महिंद्रा एक्सयूवी-300 कार चोरी हो गई थी। मामले में थाना दलौदा में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। वाहन चोरी की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप डांगी ने विशेष टीम गठित कर जांच को गति दी।



पुलिस टीम ने घटना स्थल एवं संभावित मार्गों पर लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों और टोल नाकों के फुटेज खंगाले। साथ ही तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाकर संदिग्धों की तलाश शुरू की गई। लगातार प्रयासों, मुखबिर तंत्र की सक्रियता और पेशेवर जांच के आधार पर पुलिस ने चोरी गई महिंद्रा एक्सयूवी-300 वाहन क्रमांक M P09W D4137 को बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप डांगी के साथ उप निरीक्षक राधेश्याम पंवार, आरक्षक अनिल आर्य, लाजपत राय सेन, मुजीब रहमान एवं अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल तथा एसडीओपी कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में हुई इस कार्रवाई को जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

# 200 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, 3.70 लाख का माल जब्त



मंदसौर। जिले में नशे के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए वायडी नगर पुलिस ने दो शातिर तस्करों को 200 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 3.70 लाख रुपये मूल्य की एमडी ड्रग्स, मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल तथा सीएसपी जितेन्द्र भास्कर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने 13 जून को एमआईटी चौराहा से रामटेकरी रोड स्थित केंद्रीय विद्यालय के आगे घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ा। दोनों आरोपी बाइक से भागने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अबरार उर्फ सन्ना (26) निवासी मर्दादीन मोहल्ला एवं फैजान (21) निवासी बड़ी होली किला रोड, मंदसौर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से 200 ग्राम एमडी ड्रग्स, एक टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल तथा दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना वायडी नगर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूछताछ में आरोपियों ने मादक पदार्थ एक अन्य आरोपी अफजल कुरैशी से प्राप्त करना बताया है, जो फिलहाल फरार है।

# संपादकीय

## अमेरिका-ईरान समझौता !

पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका व इजराइल के बीच पिछले तीन महीनों से भी अधिक समय से चल रहे युद्ध के कारण जितना कुप्रभाव भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ा है उतना शायद दुनिया के किसी अन्य देश की अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ा। इसका मुख्य कारण यह है कि भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकता की आपूर्ति 85 प्रतिशत से भी अधिक खाड़ी के देशों से ही करता है और इन देशों में इसके एक करोड़ के लगभग नागरिक अपनी रोजीरोटी चलाते हैं, जिसकी वजह से वे भारत में भारी विदेशी मुद्रा भेजते हैं। युद्ध के छिड़ जाने से जिस तरह से पश्चिम एशिया के खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों को ईरान ने अपना निशाना बनाया उससे लगभग इन सभी देशों की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने लगी, क्योंकि ये सभी देश कच्चे तेल का उत्पादन करके उसे दुनियाभर में सप्लाई करके अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाते हैं। विगत 28 फरवरी को युद्ध के शुरू होने के बाद ईरान ने अपने इलाके के होर्मुज जलडमरूमध्य समुद्री मार्ग को अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक पोत परिवहन के लिए बन्द कर दिया जिसके परिणामस्वरूप पूरी दुनिया में खलबली मच गई और व्यापारिक माल सप्लाई की श्रृंखला अवरुद्ध हो गई, मगर लगता है कि तीन महीने बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सद्बुद्धि आई और उन्होंने युद्ध को समाप्त करने की दिशा में बढ़ना शुरू किया।

बीते रविवार को उन्होंने अमेरिका व ईरान के बीच समझौता होने की घोषणा की और कहा कि इस समझौते पर आगामी 19 जून को जिनीवा में दोनों देशों के बीच हस्ताक्षर होंगे। इस समझौते के तहत आगामी 60 दिनों तक युद्धविराम पूर्ण रूप से लागू रहेगा। समझौते के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें ईरान इस बात पर राजी हो गया है कि वह भविष्य में कभी परमाणु बम नहीं बनायेगा और यूरेनियम को हथियार श्रेणी तक के स्तर पर परिशोधित नहीं करेगा। इसके साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य का समुद्री मार्ग अंतर्राष्ट्रीय आवागमन के लिए खोल दिया जायेगा। बदले में ईरान पर लगे विभिन्न आर्थिक प्रतिबंध चरण बद्ध तरीके से समाप्त कर दिये जायेंगे और विदेशों में जमा उसकी सम्पत्ति पर उसके अधिकार को मान्यता दी जायेगी। ईरान पर पिछले 15 वर्षों से भी अधिक समय से अमेरिका ने विभिन्न आर्थिक प्रतिबन्ध लगा रखे हैं जिनके चलते ईरान का विश्व व्यापार में हिस्सा लगातार घटता जा रहा था और इसकी अर्थव्यवस्था नीचे की तरफ जा रही थी। ताजा युद्ध के चलते इस देश में महंगाई की दर 77 प्रतिशत हो चुकी है और इसकी मुद्रा रसातल में पहुंच चुकी है। इसके बावजूद ईरान अमेरिका जैसी विश्व शक्ति के आगे नहीं झुका और उसने युद्ध में उसका कड़ा मुकाबला किया, परन्तु युद्ध में उसका पूरा राष्ट्रीय आधारभूत ढांचा तहस-नहस हो चुका है, जिसकी भरपाई के लिए उसने तीन सौ अरब डालर की राशि की पुरजोर मांग की है, क्योंकि युद्ध ईरान ने अपनी तरफ से नहीं शुरू किया था, बल्कि यह अमेरिका व इजराइल ने उस पर थोपा था। ईरान यह भी चाहता है कि इजराइल जिस तरह लेबनान देश पर आक्रमण कर रहा है वे भी पूरी तरह बन्द होने चाहिए, हालांकि यह कहा जा रहा है कि समझौते में लेबनान स्थित उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइली आक्रमणों को भी बन्द करने की बात है मगर इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं बताई जा रही है, क्योंकि इस समझौते में इजराइल को पक्ष नहीं बनाया गया है, इसलिए सबसे बड़ा खतरा यह पैदा हो रहा है कि इजराइल इस समझौते को स्वीकार करेगा या नहीं। रविवार को समझौते की घोषणा होने के बाद जिस तरह की खबरें आ रही हैं उनके अनुसार इजराइल ने साफ कर दिया है कि वह एक स्वतन्त्र देश है। अतः इस समझौते को मानना उसकी मजबूरी नहीं है, जबकि अमेरिका उसकी मदद करने के लिए ही युद्ध में कूदा था और ट्रम्प ने कहा था कि उनका उद्देश्य ईरान की समूची शासन व्यवस्था को बदलने का है।

### स्मार्ट मीटर के बढ़े बिलों पर कांग्रेस का विरोध

# उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ का आरोप, कार्यकर्ता बोले- जबरन स्मार्ट मीटर लगाए

मंदसौर। स्मार्ट मीटरों से बढ़े बिजली बिलों को लेकर मंगलवार को शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यालय पहुंचे और कार्यपालन यंत्री को ज्ञापन सौंपकर स्मार्ट मीटरों की कार्यप्रणाली की जांच कराने तथा उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि शहर में स्मार्ट मीटर लगने के बाद कई उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अचानक वृद्धि हुई है। इससे आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है और उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है।




**सहमति के बिना मीटर बदलने पर सवाल**

ज्ञापन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि ठेके पर नियुक्त कर्मचारियों के माध्यम से उपभोक्ताओं की सहमति लिए बिना पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। उनका कहना है कि अभी स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य नहीं किया गया है, फिर भी यह प्रक्रिया जारी है।

**स्मार्ट मीटरों की जांच की मांग**

प्रदर्शन के दौरान महेंद्र सिंह गुर्जर, मोहम्मद हनीफ शेख, सोमिल नाहटा, मनजीत सिंह टुटेजा, विकास दशोरा, सुरेंद्र कुमावत, रफत पयामी, तरुण खींची और निर्विकार रातड़िया सहित अन्य नेताओं ने कहा कि बढ़े हुए बिजली बिल वापस लिए जाएं और स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया की जांच कराई जाए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब चेक मीटर और स्मार्ट मीटर की रीडिंग में अंतर नहीं है, तो पुराने मीटर बदलने की जरूरत क्यों पड़ रही है।

**कागजी बिल फिर से देने की मांग**

कांग्रेस नेताओं ने उपभोक्ताओं को दोबारा कागजी बिजली बिल उपलब्ध कराने की भी मांग की। उनका कहना है कि कई लोग मोबाइल पर बिल देखने या डाउनलोड करने में सक्षम नहीं हैं, जिससे उन्हें परेशानी होती है।


ट्रेवल्स
अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन



मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान







डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।

साथ ही
आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु CCTV कैमरे लगवाईये।
L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268






प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड



हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।






चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ. विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक



# मंडी टैक्स में 50 फीसदी बढ़ोतरी पर किसान-व्यापारी हुए एकजुट

## शुल्क 1 से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत करने के फैसले को वापस लेने की मांग



मंदसौर। मध्यप्रदेश शासन द्वारा कृषि उपज मंडियों में मंडी शुल्क (मंडी टैक्स) को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के निर्णय के विरोध में मंगलवार को मंदसौर में किसानों और व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर बढ़ी हुई दर वापस लेने की मांग की।

लालघाटी स्थित कृषि उपज मंडी में दशपुर मंडी व्यापारी संघ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान एवं व्यापारी एकत्रित हुए। इसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने मंडी सचिव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि मंडी शुल्क में 50 प्रतिशत की वृद्धि से कृषि उपज के व्यापार पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा। इसका सीधा असर किसानों और व्यापारियों दोनों पर होगा।

व्यापारियों का कहना है कि वर्तमान में कृषि क्षेत्र पहले से ही बढ़ती उत्पादन लागत, परिवहन खर्च और बाजार की अनिश्चितताओं जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में मंडी शुल्क बढ़ाने का निर्णय कृषि व्यापार को प्रभावित करेगा। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने में भी कठिनाई हो सकती है।

किसानों और व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से मंडी शुल्क को पूर्ववत 1 प्रतिशत बनाए रखने तथा बढ़ोतरी संबंधी निर्णय को तत्काल निरस्त करने की मांग की। इस दौरान मंडी परिसर में बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी एवं व्यापारी संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गैस पाइप लीकेज से जूस दुकान में आग लगी-मंदसौर में चाय बनाते समय संचालक झुलसा; दुकान और सामान जलकर पूरी तरह खाक



मंदसौर। शहर के एमआईटी चौराहे पर स्थित एक जूस एवं रेस्टोरेंट की दुकान में सोमवार देर रात आग लग गई। इस घटना में दुकान संचालक गंभीर रूप से झुलस गए। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरी दुकान और उसमें रखा सामान जलकर खाक हो गया। घटना का वीडियो मंगलवार को सामने आया है। जानकारी के अनुसार, मंदसौर निवासी 50 वर्षीय बालकृष्ण भाटी अपने बेटों महेश और संदीप के साथ एमआईटी चौराहे पर गन्ने के जूस और रेस्टोरेंट की दुकान चलाते हैं। सोमवार देर रात दुकान बंद करने की तैयारी चल रही थी। बालकृष्ण गैस चूल्हे के पास चाय बना रहे थे, जबकि उनके बेटे दुकान का सामान समेट रहे थे।

इसी दौरान अचानक गैस की नली में लीकेज के कारण आग भड़क उठी। बालकृष्ण तुरंत आग की चपेट में आ गए और लपटों ने उन्हें घेर लिया। उनके बेटों महेश और संदीप ने तत्काल अपने पिता को दुकान से बाहर निकाला।

**चेहरा, सिर, दोनों हाथ, सीना झुलसा**

आग लगने से बालकृष्ण का चेहरा, सिर, दोनों हाथ, सीना और पेट बुरी तरह झुलस गए। गंभीर हालत में उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा लगभग सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। एक बाइक के भी जलने की खबर है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण गैस पाइप में लीकेज बताया गया है। इस आगजनी से दुकान संचालक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

SP Cure With Care
सरदार पटेल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
आपके शहर शामगढ़ में एक मात्र मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जहाँ सम्पूर्ण सुविधाओं के साथ वरिष्ठ डॉक्टर द्वारा उपचार प्रतिदिन किया जाता है।
24/7 EMERGENCY SERVICE
डॉ. राशी चौबे
MBBS, M.S. (obs.& Gynaecologist)
वरिष्ठ महिला एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ–
* गर्भवती महिलाओं की सम्पूर्ण जांच एवं उपचार।
* 24 घण्टे नार्मल एवं सिजेरियन (L.S.C.S.) डिलेवरी की सुविधा।
* स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन व ईलाज।
* किशोरावस्था से Menopause तक सभी प्रकार की स्त्री एवं प्रसुती रोग।
* निःसंतानता, बांझपन, सफेद पानी लूकोरिया, महामारी की अनियमितता।
* बार बार गर्भ गिरना, गर्भशिय की सूजन, योन रोग, गर्भशिय व अण्डकोष की गांठ आदि का सम्पूर्ण ईलाज।
* स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन जैसे – बच्चेदानी का ऑपरेशन, गठान का ऑपरेशन, नसबंदी का ऑपरेशन।
* अंडाशय की गठान, नस में ठहरा हुआ बच्चा।
* परिवार नियोजन परामर्श।
* पूर्णतया प्रशिक्षित स्टॉफ की सेवाएँ। * जोड़ो का दर्द, कंधो का जाम, कमर, रीढ़ की हड्डी का दर्द ब्रेन ट्यूमर, साईटिका, मांसपेशियों का खिंचाव, सुन्नपन, सभी प्रकार की फिजियोथेरेपी की जाती है।
* फिजियोथेरेपी, बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर बिमारियों का ईलाज।
* शल्य चिकित्सा संबंधी जैसे –
हर्निया / पाईल्स / फिशर / फिस्टूला / अपेडिक्स / प्रोस्टेट
कलर सोनोग्राफी / कम्प्यूटराईज्ड लेब / ICU / ECG
एंबुलेंस / मेडिकल / जनरल वार्ड / वातानुकूलित कॉटेज
ऑपरेशन थियएटर / Digital X-ray / 3D/4D सोनोग्राफी
मल्टी स्पेशलिटी – * जनरल मेडिसीन विशेषज्ञ * जनरल सर्जन विशेषज्ञ * हड्डी रोग विशेषज्ञ
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें – 9630656224
पता – 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामगढ़, जिला– मंदसौर (म.प्र.) कोड नं. 458883

NOBLE Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally Accounting Course only 45 Days
संचालक राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh

गोपाल पटेल 9826055169
अर्जुन पटेल 9981235380
गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगोरिया रोड़ शामगढ़

शामगढ़ में अमूल दूध अब ओम दूध डेयरी पर
शुद्ध और पोष्टिक दूध, घर से घर तक
Amul DOODH
अमूल गोल्ड
Now in SHAMGARH
6 लीटर और 1 लीटर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी, पूर्ण मात्रा
शादी पार्टी में डिलेवरी हेतु सम्पर्क करे
9926839024
अधिकृत विक्रेता ओम दूध डेयरी
नगर परिषद काम्पलेक्स, शामगढ़

# बंजारी बालाजी धाम में सेन समाज का ऐतिहासिक महासम्मेलन, छात्रावास निर्माण का लिया संकल्प




मंदसौर। (धर्मेंद्र सेन)बंजारी बालाजी धाम में आयोजित सेन समाज का विशाल सामाजिक सम्मेलन एकता, संगठन और सामाजिक जागरूकता का प्रतीक बनकर उभरा। कार्यक्रम में जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। आयोजन के दौरान समाज की एकजुटता, भाईचारे और सामाजिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रभावी संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में सुबह से ही समाज के लोगों का आगमन शुरू हो गया था। युवा, महिलाएं, वरिष्ठजन एवं समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति से पूरा परिसर उत्साह और भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज की प्रगति उसकी एकता, शिक्षा और संगठन पर निर्भर करती है। यदि समाज के सभी वर्ग मिलकर कार्य करें तो विकास के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं।

सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण सेन समाज छात्रावास निर्माण को लेकर व्यक्त किया गया सामूहिक संकल्प रहा। समाजजनों ने छात्रावास निर्माण के लिए तन, मन और धन से सहयोग देने का भरोसा दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि यह छात्रावास आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा और संस्कार का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा समाज के विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों ने आयोजन को सेन समाज के इतिहास के महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक बताते हुए इसकी सराहना की। पूरे आयोजन के दौरान सामाजिक सद्भाव, प्रेम और सहयोग की भावना देखने को मिली। अंत में सभी समाजजनों ने समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा शिक्षा, संगठन और सामाजिक विकास के क्षेत्र में सेन समाज को नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया।

## गरोठ थाने में शांति समिति की बैठक

### मोहर्रम पर धारदार हथियारों और आग के स्टंट्स पर रहेगा प्रतिबंध; व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

गरोठ। आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर सोमवार शाम को गरोठ थाने में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। बैठक में पुलिस, नगर परिषद, बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**धारदार हथियारों और आग के खतरनाक स्टंट्स पर रोक**

बैठक में एसडीओपी विजय कुमार यादव ने मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जुलूस या अखाड़े के दौरान किसी भी तरह के धारदार हथियार का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही, अखाड़ों में मुंह से आग निकालकर किए जाने वाले खतरनाक




स्टंट्स और प्रदर्शनों पर भी पूरी तरह रोक रहेगी, ताकि कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने सभी से अफवाहों से बचने और त्योहार की गरिमा बनाए रखने की अपील की।

**नागरिकों ने उठाए बिजली व्यवस्था पर सवाल**

बैठक के दौरान नगर के गणमान्य नागरिकों ने बिजली विभाग की लापरवाही और खराब व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने मोहर्रम के दौरान निर्बाध बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने की मांग की। इस पर संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार रघुनाथ माचार ने बिजली विभाग को निर्देश दिए कि वे तुरंत जुलूस वाले मार्गों पर लटकती हुई विद्युत लाइनों की जांच करें और उन्हें दुरुस्त करें।

**साफ-सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

प्रशासन ने नगर परिषद की टीम को भी मोहर्रम के रास्तों पर साफ-सफाई, चूना लाइनिंग और पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्था समय पर पूरी करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि त्योहार के दौरान पूरे सुरक्षा घेरे पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। किसी भी अप्रिय स्थिति या समस्या की सूचना तुरंत पुलिस-प्रशासन को देने के लिए कंट्रोल रूम एक्टिव रहेगा। बैठक में शामिल सभी समाजजनों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूरा सहयोग देने और शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने का भरोसा दिया।

## सर्पदंश से 4 वर्षीय बच्ची की मौत

### घर में सोते समय सांप ने काटा; परिजनों से सांप को मारा



मंदसौर। जिले के ग्राम बोलिया में मंगलवार सुबह सर्पदंश से चार वर्षीय बच्ची माया बागरी की मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब बच्ची अपने घर में सो रही थी। परिजनों ने तत्काल बच्ची को गरोठ स्थित इंदिरा गांधी शासकीय अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल प्रशासन और डॉक्टर दरबार किशन सिंह ने घटना की पुष्टि की है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है और कानूनी और चिकित्सीय औपचारिकताओं के तहत बच्ची का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इस घटना से बच्ची के पिता मनीष बागरी और उनके परिवार में दुख का माहौल है। ग्राम बोलिया में भी इस घटना को लेकर शोक व्याप्त है।

SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षों से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES

NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बाँड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स

डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे

संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941




समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306